# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in




**ग्लोबल फाइनेंस द्वारा एसबीआई को ''विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक-2025'' और ''भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक-2025'' के रूप में मान्यता दी गई है.**



# मंडल स्थित अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन संख्या: सीआरपीडी/सीबीओ/2025-26/18

1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान: दिनांक 29.01.2026 से 18.02.2026 तक
2. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड: मार्च 2026 में (संभावित)
3. ऑनलाइन परीक्षा: मार्च 2026 (संभावित)

भारतीय स्टेट बैंक में मंडल स्थित अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. **चयनित उम्मीदवारों को केवल आवेदित मंडल में नियुक्त किया जाएगा.**

1. आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता तिथि को संबंधित पद हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं.
2. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी मानी जाएगी, जब आवेदन शुल्क को जमा करने की अंतिम तिथि या उससे पूर्व बैंक में ऑनलाइन जमा कर दिया गया हो.
3. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** नियमित रूप से देखें. **विज्ञापन में किसी परिवर्तन/ अद्यतन सूचना को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा. सभी परिवर्तन/ अपडेट/ शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर प्रकाशित किए जाएंगे.**

भारतीय स्टेट बैंक में अधिकारी के रूप में शामिल होने के इच्छुक योग्य उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, निर्धारित आवेदन शुल्क के भुगतान, कॉल लेटर जारी करने, परीक्षा/ साक्षात्कार आदि की प्रक्रिया और पैटर्न आदि के बारे में विज्ञापन को ध्यान से पढ़ने के बाद ऑनलाइन पंजीकरण करना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हैं.

**योग्य उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है, जो (i) ऑनलाइन परीक्षा (ii) स्क्रीनिंग (iii) साक्षात्कार (iv)स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा जैसे 4 चरणों में आयोजित की जाएगी.**

रिक्तियों की जानकारी निम्नानुसार है:

| मंडल | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) | भाषा | नियमित रिक्त पद | | | | | | | | | | पिछले बकाया रिक्त पद | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | वी.आई. | एच.आई. | एल.डी. | डी और ई | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | कुल | वी.आई. | एच.आई. | एल.डी. | डी और ई |
| अमरावती | आंध्र प्रदेश | तेलुगू/उर्दू | 14 | 7 | 26 | 9 | 41 | **97** | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 1 |
| बेंगलूरु | कर्नाटक | कन्नड़ | 30 | 15 | 54 | 20 | 81 | **200** | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 5 | 4 | **11** | 5 | 7 | 0 | 2 |
| भोपाल | मध्य प्रदेश<br>छत्तीसगढ़ | हिंदी | 14 | 7 | 26 | 9 | 41 | **97** | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 12 | 3 | **17** | 0 | 2 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर | ओड़िशा | ओड़िया | 12 | 6 | 21 | 8 | 33 | **80** | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | **1** | 0 | 3 | 0 | 0 |
| चंडीगढ़ | जम्मू एवं कश्मीर<br>लद्दाख<br>हिमाचल प्रदेश<br>हरियाणा<br>पंजाब | उर्दू<br>हिंदी<br>पंजाबी | 15 | 7 | 27 | 10 | 44 | **103** | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 |
| चेन्नई | तमिलनाडु<br>पॉन्डिचेरी | तमिल | 24 | 12 | 44 | 16 | 69 | **165** | 2 | 2 | 2 | 1 | 0 | 37 | 0 | **37** | 1 | 2 | 1 | 2 |
| गांधीनगर | गुजरात<br>दादरा एवं नगर हवेली<br>दमन और दीव | गुजराती | 29 | 14 | 52 | 19 | 80 | **194** | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 42 | 0 | **42** | 1 | 6 | 0 | 6 |
| गुवाहाटी | असम<br>अरुणाचल प्रदेश<br>मणिपुर<br>मेघालय<br>मिजोरम<br>नागालैंड<br>त्रिपुरा | असमिया<br>बांगला<br>बोडो<br>मणिपुरी<br>गारो<br>खासी<br>मिजो<br>कोकबोरोक<br>$ इंग्लिश | 10 | 5 | 18 | 6 | 29 | **68** | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 0 | 8 | **11** | 3 | 3 | 0 | 0 |
| हैदराबाद | तेलंगाना | तेलुगू/उर्दू | 12 | 6 | 21 | 8 | 33 | **80** | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 |
| जयपुर | राजस्थान | हिंदी | 15 | 7 | 27 | 10 | 44 | **103** | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | **1** | 0 | 5 | 0 | 4 |
| कोलकाता | पश्चिम बंगाल<br>अंड. व निको. द्वीप<br>सिक्किम | बांगला<br>नेपाली<br>हिंदी | 30 | 15 | 54 | 20 | 81 | **200** | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 9 | 21 | **31** | 3 | 3 | 2 | 3 |
| लखनऊ | उत्तर प्रदेश | हिंदी/उर्दू | 30 | 15 | 54 | 20 | 81 | **200** | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 20 | 0 | **20** | 0 | 0 | 0 | 1 |
| महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | मराठी | 29 | 14 | 52 | 19 | 80 | **194** | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 8 | 0 | **10** | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मुंबई मेट्रो | महाराष्ट्र<br>गोवा | मराठी<br>कोकणी | 21 | 10 | 38 | 14 | 60 | **143** | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | **2** | 2 | 2 | 2 | 1 |
| नई दिल्ली | दिल्ली<br>उत्तराखंड<br>हरियाणा<br>उत्तर प्रदेश | हिंदी | 11 | 5 | 20 | 7 | 33 | **76** | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 5 | **6** | 0 | 0 | 0 | 1 |
| तिरुवनंतपुरम | केरल<br>लक्षद्वीप | मलयालम | 7 | 3 | 13 | 5 | 22 | **50** | 1 | 1 | 0 | 0 | 13 | 16 | 0 | **29** | 2 | 1 | 0 | 1 |
| कुल | | | **303** | **148** | **547** | **200** | **852** | **2050** | **25** | **23** | **21** | **19** | **24** | **154** | **45** | **223** | **18** | **34** | **5** | **22** |

**संक्षिप्ताक्षरः अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **सामान्य** – सामान्य श्रेणी; **पीडब्ल्यूबीडी**– बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई** – दृष्टि बाधित, **एचआई** – श्रवण बाधित, **एलडी** – लोकोमोटर दिव्यांगता; **डी और ई** – दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) की धारा 34 (i) के खंड डी एंड ई के तहत इस पद के लिए उपयुक्त दिव्यांगजन श्रेणियां हैं: ऑटिज्म (स्वपरायणता) स्पेक्ट्रम विकृति (अत्यल्प), मानसिक रुग्णता और वीआई, एचआई एवं एलडी सहित बहुदिव्यांगता.

$ यह सिर्फ़ उन कैंडिडेट्स के लिए है जिन्होंने नागालैंड और/ या अरुणाचल प्रदेश के किसी भी स्कूल से इंग्लिश सब्जेक्ट में पढ़ाई की है और पास किया है.

- **उम्मीदवार को केवल एक मंडल की रिक्ति के लिए आवेदन करना होगा. एक मंडल की रिक्ति के समक्ष आवेदन करने वाला उम्मीदवार किसी अन्य मंडल की रिक्ति हेतु आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगा.**
- आवेदक की उम्मीदवारी को केवल उस मंडल में रिक्तियों हेतु विचार किया जाएगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है/ जिसका विकल्प चुना है. मेरिट सूची मंडलवार, श्रेणीवार तैयार की जाएगी.
- **चयनित उम्मीदवारों को उस मंडल में तैनात किया जाएगा, जिनकी रिक्ति हेतु उनका चयन किया गया है.**
- **चयनित उम्मीदवार अंतर मंडल स्थानांतरण/ कॉर्पोरेट सेंटर पोस्टिंग/ कॉर्पोरेट सेंटर प्रतिष्ठान पोस्टिंग/ विदेश पोस्टिंग के लिए एसएमजीएस-IV ग्रेड में अपनी पदोन्नति या 12 वर्ष की सेवा, जो भी बाद में हो, तक पात्र नहीं होंगे.**
- उपर्युक्त रिक्तियाँ अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं.
- **किसी विशेष मंडल की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के पंजीकरण के समय उम्मीदवार द्वारा चुनी जाने वाली उस मंडल की निर्दिष्ट स्थानीय भाषाओं (प्रत्येक मंडल के सामने उल्लिखित) में से किसी एक में प्रवीण (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित किया जाएगा. यह बैंक में शामिल होने से पहले अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों (ऑनलाइन परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर) के लिए आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति का ऑफर नहीं दिया जाएगा. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का एक विषय के रूप में अध्ययन करने के साक्ष्य स्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की मार्कशीट/ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी.**
- **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की सहायक कंपनियों के साथ काम करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**
- **एसबीआई में लिपिक/ पर्यवेक्षी संवर्ग में कार्यरत उम्मीदवार या संविदा आधार पर लगे कर्मचारी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**
- **जिन उम्मीदवारों ने एसबीआई/ सहयोगी बैंकों में अधिकारी ग्रेड से त्यागपत्र दे दिया है या कर्मचारी जो पहले एसबीआई में संविदा आधार पर नियोजित थे और बैंक से त्यागपत्र दे दिया है/ छोड़ दिया है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**

**महत्वपूर्ण टिप्पणीः**

i. बेंचमार्क दिव्यांग (पीडब्लूबीडी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण क्षैतिज है और भारत सरकार के विभिन्न दिशानिर्देशों द्वारा निर्देशित होगा. पीडब्लूबीडी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. प्रमाणपत्र पर आवेदन के **पंजीकरण की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.**

ii. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त–पद ''गैर–क्रीमी लेयर'' के ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो ''क्रीमी लेयर'' में आते हैं, ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी **सामान्य अथवा सामान्य (एल.डी./ वी.आई./ एच.आई/ डी और ई), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.**

iii. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ओबीसी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें ''गैर–क्रीमी लेयर'' खंड इंगित हो और जो **01.04.2025** से साक्षात्कार की तिथि के बीच जारी किया गया हो. **उपर्युक्त तारीख के बाद ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा** और यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होता है तो उसे साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी और बैंक में उस पद के लिए नियुक्ति पर विचार नहीं किया जायेगा.

iv. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय, लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019–ईएसटीटी (आरईएस) द्वारा शासित है.

v. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय दस्तावेज सत्यापन की तारीख को **वित्तीय वर्ष 2024-25 की सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना आवश्यक है जो डीओपीटी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए वैध है.** इसलिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी किया गया 'आय और आस्ति प्रमाण पत्र' साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को या उससे पहले उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए. **उपर्युक्त तारीख के बाद 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा** और यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने में असफल होता है तो उसे साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी और बैंक में उस पद के लिए नियुक्ति पर विचार नहीं किया जायेगा.

vi. सरकारी/ अर्ध–सरकारी, राष्ट्रीयकृत बैंकों/ आरआरबी सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, ऐसा करने में असफल रहने पर ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी.

**1. पात्रता मानदण्डः**

**(क) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में स्नातक या एकीकृत दोहरी डिग्री (आईडीडी) सहित केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता. चिकित्सा, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट जैसी योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी पात्र होंगे.

**टिप्पणी:** पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक–तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो विश्वविद्यालय/संस्थान के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जिसमें परिणाम को वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की तिथि का उल्लेख होगा, के आधार पर उत्तीर्ण तिथि स्वीकार की जाएगी.

**(ख) आयु सीमाः (31.12.2025 तक): 31.12.2025** को 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म **31.12.2004** के बाद और **01.01.1996** से पहले **(दोनों दिन शामिल)** का नहीं होना चाहिए.

**ऊपरी आयु सीमा में छूट:**

| क्र. | श्रेणी | | आयु में छूट |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | | 3 वर्ष |
| 3. | बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) | – पीडब्ल्यूबीडी (अजा/अजजा) | 15 वर्ष |
| | | – पीडब्ल्यूबीडी (अपिव) | 13 वर्ष |
| | | – पीडब्ल्यूबीडी (सामान्य/ईडब्ल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है (उन उम्मीदवारों सहित जिनका असाइनमेंट आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर पूरा होना है) अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या दिव्यांगता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | | 5 वर्ष |

टिप्पणी: आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.

**आयु में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/कार्यग्रहण करने के समय, यदि वे इस योग्य पाए जाते हैं, आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी. ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद किसी उम्मीदवार की श्रेणी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं है. इस संबंध में किसी भी पत्राचार/ ईमेल/ फोन पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**(ग) 31.12.2025 को अनुभव (अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के बाद):**

भारतीय रिज़र्व बैंक की दूसरी अनुसूची में सूचीबद्ध किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या किसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में एक अधिकारी के रूप में 31.12.2025 को न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव (अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अनुभव).

**उम्मीदवारों को उनके मौजूदा/ पिछले नियोक्ता (ओं), जिसके साथ वे कार्यरत थे/ हैं द्वारा प्रमाणित जॉब प्रोफाइल प्रस्तुत करना होगा. यदि उनका जॉब प्रोफाइल पर्याप्त रूप से मेल नहीं खाता है या भारतीय स्टेट बैंक के स्केल–I सामान्य अधिकारी के जॉब प्रोफाइल से अलग है तो ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अस्वीकार कर दिया जाएगा. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अलावा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में अनुभव रखने वाले **उम्मीदवारों को प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 9.50 लाख रुपये का सकल वार्षिक वेतन प्राप्त होगा और उन्हें अपने सकल वार्षिक वेतन के दस्तावेजी साक्ष्य जैसे कि फॉर्म–16 या पिछले 24 महीनों की वेतन पर्ची या नियोक्ता से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.**

**(घ) स्थानीय भाषा:**

किसी विशेष मंडल की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस मंडल की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा (प्रत्येक मंडल के सामने उल्लिखित) में दक्ष (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित की जाएगी. यह बैंक में शामिल होने से पहले अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों (ऑनलाइन परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर) के लिए आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का एक विषय के रूप में अध्ययन करने के साक्ष्य स्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की मार्कशीट/ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी.

**(ङ) अन्य:**

i. जिन उम्मीदवारों ने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि सहित बैंकों या एनबीएफसी के साथ किसी भी ऋण व्यवस्था के तहत चुकौती में चूक की है और बैंक द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी करने की तारीख तक उनके बकाया को नियमित/ चुकाया नहीं है, वे पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. हालांकि, ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने नियुक्ति प्रस्ताव–पत्र जारी होने की तारीख को या उससे पहले इस तरह के बकाया को नियमित कर लिया है/ चुका दिया है, लेकिन जिनकी सिबिल (CIBIL) स्थिति को तब तक अपडेट नहीं किया गया है, उन्हें शामिल होने की तारीख को या उससे पहले या तो सिबिल की स्थिति को अपडेट कराना होगा या ऋणदाता से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सिबिल में प्रतिकूल रूप से दर्शाए गए खातों के संबंध में कोई बकाया नहीं है, ऐसा न करने पर प्रस्ताव पत्र वापस ले लिया जाएगा/ रद्द कर दिया जाएगा. इस प्रकार, ऋण/ क्रेडिट कार्ड बकाये के भुगतान में चूक के रिकॉर्ड और/ या जिनके नाम पर सिबिल या अन्य बाहरी एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट उपलब्ध है, वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं.

ii. जिन उम्मीदवारों के चरित्र एवं पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडेंटस) नैतिक आचरण की प्रतिकूल रिपोर्ट है, वे इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

**2. बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षणः** दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. इस अधिनियम के अंतर्गत यह पद निम्नलिखित श्रेणी की दिव्यांगता के लिए आरक्षित होगाः

| उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| क) दृष्टिबाधित, कम दृष्टि<br>ख) बहरापन<br>ग) एक भुजा, दोनों भुजा, एक टांग, दोनों टांगे, एक भुजा और एक टांग, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, तेजाब हमले से पीड़ित, स्पाइनल विकृति (एसडी) और स्पाइनल इंजरी (एसआई) बिना किसी न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी शिथिलता के.<br>घ) ऑटिसम स्पेक्ट्रम डिसार्डर (हल्का)<br>ड.) उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल बहु दिव्यांगताएं | एस – बैठना, डब्ल्यू – चलना,<br>एमएफ – उंगलियाँ से परिचालन,<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना,<br>एसई– देखना, सी– संप्रेषण,<br>एसटी– खड़ा होना,<br>बीएन – झुकना,<br>एच – श्रवण |

**क. दृष्टि बाधित (वीआई)**ः केवल वे ही दृष्टिहीन दिव्यांग (वीआई) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जो बेहतर स्थिति में आने से पहले निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैंः

**अ. दृष्टिहीनता** ः

i. पूर्णतः दृष्टिहीन होना या

ii. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आंखों में 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से अधिक वास्तविक दृष्टि न हो अथवा

iii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 10 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम. अथवा

**ब. कमतर दृष्टि** ः

i. वास्तविक दृष्टि सुधार के बाद दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो

ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

**ख. श्रवण बाधित (एचआई):**

क. **ऊँचा सुनना**ः वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता की हानि 60 डीबी से 70 डीबी हो गई हो.

**ग. लोकोमोटर दिव्यांगता (एलडी)**ः ऐसा व्यक्ति जो मस्तिष्क अथवा नर्वस विकार अथवा दोनों के कारण स्वयं और वस्तु की गति से जुड़े कार्यकलाप कर पाने में अक्षम हो. इसमें निम्नलिखित भी सम्मिलित हैं. चलने–फिरने की दिव्यांगता के अंतर्गत सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हो चुका कुष्ठ, बौनापन, मांसपेशीय दुर्विकार तथा एसिड अटैक के पीड़ित आते हैं. निम्नालिखित अस्थि दिव्यांग व्यक्ति भी चलने की दिव्यांगता के अंतर्गत माने जाते हैं:

| | |
|---|---|
| i. **ओए** – एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बायां) | iv. **बीएल** – दोनों पैर प्रभावित |
| ii. **बीए** – दोनों हाथ प्रभावित | v. **ओएएल** – एक हाथ और एक पैर प्रभावित |
| iii. **ओएल** – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां) | |

ओए, बीए और ओएल श्रेणी के व्यक्तियों का बाइलेटरल हैंड फंक्शन सामान्य होना चाहिए.

क. **'सेरेब्रल पाल्सी'** का आशय उस नॉन–प्रोग्रेसिव न्यूरोजीकल स्थिति से है जो शरीर और मांसपेशियों के समन्वय को प्रभावित करती है. इससे मस्तिष्क का कोई एक या अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है. यह प्रायः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत बाद होता है.

ख. **'जिनके कुष्ठ ठीक हो चुके हों'** से आशय उस व्यक्ति से है, जिसका कुष्ठ ठीक हो गया है, परंतु वह निम्नलिखित प्रभाव से जूझ रहा हैः

i. हाथों या पैरों में संवेदना की कमी के साथ–साथ आंखों और पलकों में संवेदना की कमी व पक्षाघात होना, परंतु कोई स्पष्ट विकृति न होना.

ii. स्पष्ट विकृति और पक्षाघात होने पर भी जिसके हाथ और पैर सामान्य आर्थिक कार्यकलाप करने में सक्षम हों.

iii. चरम शारीरिक विकृति के साथ–साथ उसका कम उम्र का होना, जो उसे कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से रोकता हो, वहाँ, 'कुष्ठ रोग से ठीक हो गया है' भाव को उसी अनुसार समझा जाएगा.

ग. **'बौनेपन'** से आशय ऐसी चिकित्सकीय या जेनेटिक स्थिति से है, जिससे किसी व्यक्ति की लम्बाई 4 फुट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) या उससे कम रह जाती है.

घ. **'एसिड अटैक पीड़ित'** से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जो एसिड या इसी तरह के क्षयकारी तत्व फेंकने से कुरूप हो गया हो.

ङ. किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल/ अंग संबंधी शिथिलता के बिना रीढ़ की **हड्डी में विकृति (एसडी) और रीढ़ की हड्डी में चोट (एसआई)**

**घ. 'डी एवं ई'**: केवल वे व्यक्ति, जो निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, वे इस श्रेणी के तहत आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

क. **ऑटिजम स्पैक्ट्रम विकार (माइल्ड) एएसडी (एम):** ऑटिजम स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर (अत्यल्प) से एक ऐसी न्यूरो–विकास संबंधित स्थिति अभिप्रेत है जो विशिष्टतः जीवन के पहले तीन वर्षों में उत्पन्न होती है जो व्यक्ति को संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता प्रदान करती है और आम तौर पर यह असामान्य या एक जैसे कार्य या व्यवहार से सहबद्ध होता है.

ङ. **''बहु दिव्यांगता''** का अर्थ उपरोक्त (क) से (घ) के बीच बहु दिव्यांगताएं हैं.

**नोटः बेंचमार्क दिव्यांगता** वाले व्यक्तियों को ही आरक्षण का पात्र माना जाएगा. **'बेंचमार्क दिव्यांगता** वाले व्यक्ति' से आशय उस व्यक्ति से है जो **विनिर्दिष्ट दिव्यांगता** का कम से कम **40 प्रतिशत दिव्यांग** हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट दिव्यांगता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह दिव्यांग व्यक्ति भी आता है जिसकी दिव्यांगता को मापन श्रेणी में रखा गया है.

**अस्थायी विकलांगता के साथ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के संबंध में दिशानिर्देश:** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 18-25/2024–नीति दिनांक 17.12.2025 के अनुसार,

i. अस्थायी विकलांगता श्रेणी के अंतर्गत सुधार की संभावना वाली विकलांगता वाले पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार आरक्षण के पात्र नहीं हैं.

ii. प्रगतिशील, अप्रगतिशील या सुधार की संभावना नहीं वाली स्थितियाँ आरक्षण के लिए पात्र मानी जाती हैं.

आरक्षण का लाभ चाहने वाले व्यक्ति को **भारत सरकार के अंतर्गत निर्धारित** सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. बैंक के सक्षम अधिकारी के निर्णयनुसार इस प्रमाणपत्र का सत्यापन/ पुनर्सत्यापन किया जा सकेगा. प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए.

पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्तियों को संबंधित उपश्रेणी में बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति द्वारा भरा जाएगा. यदि उस उपश्रेणी से कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो ऐसी रिक्तियों को विकलांगता की चार उपश्रेणियों, अर्थात् दृष्टि बाधिता (वी.आई.), श्रवण शक्ति ह्रास (एच.आई), चलन अपंगता (एल.डी.) और डी एवं ई विकलांगता के बीच एक–एक प्रतिशत के अनुपात में परस्पर अदला–बदली द्वारा भरा जाएगा.

**लेखक (स्क्राइब) और प्रतिपूरक समय के उपयोग के लिए दिशानिर्देश:**

**क)** लेखक की सुविधा ऐसे व्यक्ति को दी जाएगी, जिसके पास **40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता** है, और उस व्यक्ति द्वारा यह सुविधा वांछित है और यह केवल उन्हीं व्यक्तियों के लिए है, जो शारीरिक नि:शक्तता के कारण स्पीड के साथ नहीं लिख सकते हैं. ऐसे सभी मामलों में लेखक का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- उम्मीदवार जो इस परीक्षा में लेखक की सेवाओं का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फार्म में इसका सावधानीपूर्वक उल्लेख करना चाहिए. किसी भी बाद के अनुरोध पर अनुकूल ढंग से विचार नहीं किया जा सकता है.
- उम्मीदवार और लेखक दोनों को ऑनलाइन परीक्षा के समय लेखक के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ एक उपयुक्त वचनबद्धता देनी होगी.
- ऐसे उम्मीदवार जो एक लेखक के उपयोग के लिए पात्र हैं, परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे, चाहे वे लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हों, या नहीं.
- उम्मीदवार को लेखक की व्यवस्था स्वयं और अपने खर्च पर करनी होगी.
- कोई भी उम्मीदवार जो दिशानिर्देशों के अनुसार लेखक का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं है, जैसा कि ऊपर बताया गया है, ऑनलाइन परीक्षा में लेखक का उपयोग करता है, तो उम्मीदवार और लेखक के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई के अलावा, जो बैंक उपयुक्त समझे, उसे भर्ती की प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके लेखक का उपयोग करने वाले किसी भी उम्मीदवार को बिना किसी सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है, यदि वह पहले ही बैंक में सेवाग्रहण कर चुका है.
- **परीक्षा के दौरान, किसी भी चरण में, यदि यह पाया जाता है कि लेखक स्वयं प्रश्नों के उत्तर दे रहा है/हल कर रहा है. तो ऐसे उम्मीदवार का परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. यदि परीक्षा के बाद परीक्षा प्रशासक दवारा यह सूचित किया जाता है कि लेखक ने स्वतंत्र रूप से प्रश्नों के उत्तर दिए हैं, तो लेखक की सेवाएं लेने वाले ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी.**
- उम्मीदवार द्वारा जिस लेखक की व्यवस्था की गई है वह उसी ऑनलाइन परीक्षा का उम्मीदवार नहीं होना चाहिए. यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार और लेखक दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.
- लेखक (Scribe) का उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, दिव्यांग मामले विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन एफ नं.16-110/2003-DDIII दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अनुसार जारी दिशा–निर्देशों और भारत सरकार, वित्त मत्रालय वित्तीय सेवाएं विभाग, के पत्र क्र. एफ नं. 3/2/2013–वेल्फेयर दिनांक 26.04.2013 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार दी जाएगी.

**ख) स्क्राइब का उपयोग और प्रतिपूरक समय (दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 2(एस) की परिभाषा के तहत कवर किए गए लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(आर) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए संदर्भित दिव्यांगता वाले व्यक्ति, अर्थात् 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई रखने वाले व्यक्ति):**

भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यालय ज्ञापन एफ. संख्या. 29-6/2019-DD-III दिनांक 10/08/2022 के अनुसार, इसके अलावा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों (जिनकी दिव्यांगता 40% या अधिक है) पर लागू निर्देशों के अलावा, लेखक और/या प्रतिपूरक समय की सुविधा केवल दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 2 (एस) के तहत कवर किए गए दिव्यांगजनों को दी जाएगी, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(आर) की परिभाषा (अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति)के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, उन दिव्यांजनों को जिन्हें लिखने में कठिनाई होती है, उन्हें उक्त कार्यालय ज्ञापन के परिशिष्ट–I में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के **सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमा है और कि उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए लेखक आवश्यक है. यदि उम्मीदवार अपना स्वयं का लेखक लाने का विकल्प चुनता है, तो लेखक की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होना चाहिए. स्वयं के लेखक का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवार को उक्त कार्यालय ज्ञापन के परिशिष्ट–II में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के लेखक का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए.

**3. श्रेणी:**

ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश.

**कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जाएगा.**

उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु–सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य (अस्थि दिव्यांग)' अथवा 'सामान्य (दृष्टि दिव्यांग)' अथवा 'सामान्य (श्रवण बाधित)' अथवा 'सामान्य (डी एंड ई)' (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत कर लिया जा सकता है.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 06 | अ.पि.व. | 11 | सामान्य | 16 | ईडब्ल्यूएस | 21 |
| अ.जा. (एलडी) | 02 | अ.ज.जा.(एलडी) | 07 | अ.पि.व. (एलडी) | 12 | सामान्य (एलडी) | 17 | ईडब्ल्यूएस (एलडी) | 22 |
| अ.जा. (वीआई) | 03 | अ.ज.जा.(वीआई) | 08 | अ.पि.व. (वीआई) | 13 | सामान्य (वीआई) | 18 | ईडब्ल्यूएस (वीआई) | 23 |
| अ.जा. (एचआई) | 04 | अ.ज.जा.(एचआई) | 09 | अ.पि.व. (एचआई) | 14 | सामान्य (एचआई) | 19 | ईडब्ल्यूएस (एचआई) | 24 |
| अ.जा.(डी और ई) | 05 | अ.ज.जा.(डी और ई) | 10 | अ.पि.व. (डी और ई) | 15 | सामान्य (डी और ई) | 20 | ईडब्ल्यूएस (डी और ई) | 25 |

**4. चयन प्रक्रिया:**

**चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार शामिल हैं.**

**(क). ऑनलाइन परीक्षा:**

ऑनलाइन परीक्षा में 120 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा और 50 अंकों के लिए वर्णनात्मक परीक्षा शामिल होगी. वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा पूरी होने के तत्काल बाद आयोजित की जायेगी और उम्मीदवारों को वर्णनात्मक परीक्षा के उत्तर कंप्यूटर में टाइप करने होंगे.

(i) **वस्तुनिष्ठ परीक्षा:** वस्तुनिष्ठ परीक्षा की अवधि 2 घंटों की होगी और उसमें 120 अंकों के 4 खण्ड होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खण्ड के लिए अलग–अलग समय होगा.

| क्र. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| I | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | 30 मिनट |
| II | बैंकिंग ज्ञान | 40 | 40 | 40 मिनट |
| III | सामान्य जागरूकता/अर्थव्यवस्था | 30 | 30 | 30 मिनट |
| IV | कंप्यूटर अभिरुचि | 20 | 20 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **120** | **120** | **2 घंटा** |

(ii) **वर्णनात्मक परीक्षा:** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी. यह कुल 50 अंक की दो प्रश्नों वाली अंग्रेजी भाषा (पत्र लेखन और निबंध) की परीक्षा होगी.

कोई अनुभागीय अर्हता अंक नहीं होंगे. कुल मिलाकर न्यूनतम अर्हता अंक हैं और न्यूनतम अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**गलत उत्तरों के लिए दंड:**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड नहीं होगा.

**ऑनलाइन परीक्षा के लिए सैंक्शनल अंक नहीं रखे जाएंगे.**

**(ख). स्क्रीनिंग:**

ऑनलाइन परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेज़ों को स्क्रीनिंग समिति के समक्ष रखा जाएगा.

बैंक द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति इस बात की जांच करेगी कि क्या उम्मीदवार अनुभव की आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. समिति भारतीय स्टेट बैंक के स्केल–I सामान्य संवर्ग अधिकारी के जॉब प्रोफाइल के साथ उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत जॉब प्रोफाइल (उनके मौजूदा/पिछले नियोक्ता द्वारा प्रमाणित, जिनके साथ वे कार्यरत हैं/थे) का मिलान करेगी. यदि उनका जॉब प्रोफाइल पर्याप्त रूप से मेल नहीं खाता है या भारतीय स्टेट बैंक के स्केल–I सामान्य अधिकारी के जॉब प्रोफाइल से अलग है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा. **बैंक भारतीय स्टेट बैंक के स्केल–I सामान्य अधिकारी की जॉब प्रोफाइल के साथ उम्मीदवारों की जॉब प्रोफाइल के मिलान के लिए उपयुक्त पाए जाने पर अपनाए जाने वाले मापदंडों पर निर्णय ले सकता है. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकर होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

अनुवीक्षण समिति (स्क्रीनिंग कमेटी) द्वारा तय किए गए आवश्यक अनुभव मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर मेरिट सूची मंडल–वार और श्रेणी–वार तैयार की जाएगी. योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के अधीन, मंडल–वार और श्रेणी–वार रिक्तियों के 3 गुना (लगभग) उम्मीदवारों को मंडल–वार और श्रेणी–वार रिक्तियों के लिए तैयार की गई मेरिट सूची के शीर्ष से साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. केवल ऑनलाइन परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेने से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाएगा.

**(ग). साक्षात्कार:**

साक्षात्कार 50 अंकों का होगा. अंतिम चयन पर विचार करने के लिए उम्मीदवारों को साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे. न्यूनतम अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**(घ). अंतिम चयन:**

उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग–अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी. उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची ऑनलाइन टेस्ट और साक्षात्कार, दोनों में अर्हता प्राप्त करने वालों की तैयार की जाएगी. अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक परीक्षा दोनों में प्राप्त अंकों को साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के साथ जोड़ा जाएगा. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार में क्रमशः 75:25 महत्व के साथ प्राप्त अंकों के सामान्यीकरण (नार्मलाईजेशन) के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी.

ऑनलाइन परीक्षा (170 अंकों में से) में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को 75 अंकों के लिए बदल दिया जाएगा और उम्मीदवारों के साक्षात्कार के अंकों (50 अंकों में से) को 25 अंकों में से बदल दिया जाएगा. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के परिवर्तित अंकों (100 में से) को मिलाकर अंतिम मेरिट सूची (मंडलवार और श्रेणीवार) तैयार की जाती है. मंडलवार और श्रेणीवार तैयार मेरिट सूची में शीर्ष स्थान वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा.

**(ङ) स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा:**

किसी विशेष मंडल की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस मंडल की निर्दिष्ट चयनित किसी एक स्थानीय भाषा (प्रत्येक मंडल के सामने उल्लिखित) में दक्ष (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित की जाएगी. यह बैंक में शामिल होने से पहले अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों (ऑनलाइन परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर) के लिए आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा. आवेदित मंडल की निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का एक विषय के रूप में अध्ययन करने के साक्ष्य स्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की मार्कशीट/ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी. अंतिम चयन ऊपर दिये गये विवरण के अनुसार चुनी गई निर्दिष्ट स्थानीय भाषा, जहां लागू है, की परीक्षा क्वालिफाई करने के अधीन होगा.

**परिणाम प्रकाशन:**

साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों के परिणाम, अंतिम परिणाम आदि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएँगे.

**5. परीक्षा केंद्र:**

i. भारत में कई केंद्रों पर परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र की संभावित सूची अनुलग्नक–I के रूप में संलग्न है.

ii. **परीक्षा केंद्र/दिनांक/सत्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**

iii. हालांकि, प्रतिसाद और प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ और केंद्र शामिल करने का अधिकार एसबीआई अपने पास सुरक्षित रखता है.

iv. किसी उम्मीदवार के लिए उसके द्वारा चुने गए केंद्र के बदले किसी अन्य केंद्र को निर्धारित करने का अधिकार भी एसबीआई के पास सुरक्षित है.

v. परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर स्वयं की जोखिम और खर्च से आएंगे और उस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या चोट आदि के लिए एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा.

vi. परीक्षा कक्ष में उम्मीदवार द्वारा किए गए बुरे व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण उसकी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है या एसबीआई द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है.

**6. परिलब्धियां:**

वर्तमान में, प्रारंभिक मूल वेतन कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल–I को लागू 48480-2000/7-62480-2340/2-67160-2680/7-85920 के वेतनमान में 48,480/- रुपये + 2 अग्रिम वेतनवृद्धि है. अधिकारी समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, एचआरए/पट्टा किराये, नगर प्रतिकर भत्ते, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन फंड यानी एनपीएस, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि और अन्य भत्ते और अनुलाभ के लिए भी पात्र होंगे.

**7. कार्यग्रहण, प्रशिक्षण और कॅरियर पथ:**

कार्यभार ग्रहण करने पर, चयनित उम्मीदवारों को मंडल स्थित अधिकारी (सीबीओ) के रूप में नामित किया जाएगा और वे बैंक में शामिल होने से 6 महीने की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे.

पुष्टि के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए सीबीओ को परिवीक्षा अवधि के दौरान निरंतर मूल्यांकन किया जाएगा. बैंक द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानकों के अनुसार जो उम्मीदवार अपने मूल्यांकन में अर्हता प्राप्त करते हैं, उन्हें कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल–I (JMGS-I) में बैंक की सेवा में पुष्टि की जाएगी. यदि कोई भी उम्मीदवार निर्धारित न्यूनतम मानकों को प्राप्त करने में विफल रहता है, तो उसकी सेवाएं किसी भी समय पर बैंक की नीति के अनुसार समाप्त की जा सकती हैं.

चयनित अधिकारी सामान्य संवर्ग में होंगे और बैंक के सामान्य संवर्ग के अधिकारियों के लिए लागू पदोन्नति नीति द्वारा नियंत्रित होंगे. चयनित उम्मीदवार अंतर मंडल स्थानांतरण/कॉर्पोरेट सेंटर पोस्टिंग/कॉर्पोरेट सेंटर प्रतिष्ठान पोस्टिंग/विदेशी पोस्टिंग के लिए एसएमजीएस–IV ग्रेड में अपनी पदोन्नति या 12 वर्ष की सेवा, जो भी बाद में हो, तक पात्र नहीं होंगे.

**8. आवेदन शुल्क: (वापस न करने योग्य):**

| श्रेणी | कुल | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|---|
| सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव | ₹750/- | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी | शून्य |

एक बार भुगतान किया गया शुल्क प्रभार न तो वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन में समायोजित किया जाएगा.

**9. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण:**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण ऑनलाइन प्रदान किया जायेगा. सभी पात्र उम्मीदवार जो परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण को चुनते हैं और चाहते हैं वे ऑनलाइन आवेदन में संबंधित कॉलम में भरें. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण चाहने वाले उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए अपने पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि दर्ज कर बैंक की वेबसाइट पर लॉगिन करें. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण की समय सारिणी के संबंध में सूचना उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल और एसएमएस के द्वारा भेजी जायेगी. कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जायेगी.

**10. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवार **29.01.2026** से **18.02.2026** तक केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. किसी भी अन्य तरीके से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्वापेक्षा:** उम्मीदवार के पास वैध ई–मेल आईडी और मोबाइल होना चाहिए, जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखना होगा. यह अनिवार्य रूप से ईमेल/ एसएमएस द्वारा बैंक से किसी भी पत्राचार/ कॉल पत्र/ सूचना प्राप्त करने के लिए आवश्यक है.

**11. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण स्वयं करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

सहायता डेस्कः फार्म को भरने, फीस/ सूचना प्रभार के भुगतान या प्रवेश कॉल लेटर की प्राप्ति के बारे में यदि कोई समस्या हो तो, फोन नं 022-22820427 पर (कामकाज के दिनों में सुबह 11.00 से शाम 5.00 के बीच) या **http://cgrs.ibps.in** पर अपना प्रश्न पूछा जा सकता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपने ईमेल का विषय **'RECRUITMENT OF CIRCLE BASED OFFICERS IN STATE BANK OF INDIA-2026'** लिखना न भूलें.

**अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची:** अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची नीचे दी गई हैं:

| | |
|---|---|
| i. हाल की तस्वीर (जेपीजी/जेपीईजी) | viii. संक्षिप्त जीवनवृत्त: शैक्षणिक/ व्यावसायिक योग्यता, अनुभव और निपटाये गए नियत–कार्यों का ब्यौरा देते हुए (पीडीएफ) |
| ii. हस्ताक्षर (जेपीजी/जेपीईजी) | ix. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री/ प्रमाणपत्र (पीडीएफ) |
| iii. बांये अंगूठे का निशान (जेपीजी/जेपीईजी) | x. अनुभव प्रमाण पत्र/ नियुक्ति पत्र/ नौकरी प्रस्ताव पत्र (पीडीएफ) |
| iv. हस्तलिखित घोषणा (जेपीजी/जेपीईजी) | xi. नियोक्ता द्वारा जारी नवीनतम फॉर्म 16 (पीडीएफ) |
| v. आईडी प्रमाण (पीडीएफ) | xii. नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ) |
| vi. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ) | |
| vii. जॉब प्रोफाइल (मौजूदा/पिछले नियोक्ताओं द्वारा प्रमाणित) (पीडीएफ) | |

**ब. दस्तावेज़, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा–निर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने दस्तावेज़, फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज अनुलग्नक–II के अनुसार बनानी होगी. निर्देशानुसार फोटो, हस्ताक्षर अपलोड और आवश्यक दस्तावेज़ किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

**टिप्पणी:**

i. **यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.**

ii. **यदि आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड नहीं किए गए हैं या अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और पठनीय नहीं हैं, तो आवेदक की उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जा सकता है.**

iii. यदि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर या दस्तावेज़ स्पष्ट नहीं हैं, तो उम्मीदवार फॉर्म जमा करने से पहले अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर या दस्तावेज़ों को फिर से अपलोड कर सकता है.

iv. **उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड किया गया है और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है. यदि फोटो के स्थान पर फोटो और/ अथवा हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

**क. पंजीकरण और शुल्क (फीस) का भुगतान (केवल ऑनलाइन द्वारा):**

i. अनुलग्नक–II में दिये गये दिशानिर्देशों के अनुसार पहले फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और दस्तावेज़ को स्कैन करें.

ii. उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** देखें और 'Current Openings' पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन–प्रारूप को खोलें.

iii. आवेदन–पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में यदि उम्मीदवार डाटा पूर्णतः नहीं भर सकते हैं. तो पहले ही प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकते हैं. जब डाटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या ओर पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डाटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरण को एडिट करें. आवेदन–पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/ संशोधन की अनुमति नहीं हैं. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv. आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद/ आवेदक को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन–पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से फीस का भुगतान करना होगा.

v. भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi. सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें.

vii. यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

viii. ई–रसीद एवं फीस विवरण सहित आवेदन पत्र फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

ix. **कृपया आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को न भेजें.**

**12. कॉल लेटर डाउनलोड करना:**

उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण नंबर एवं पासवर्ड/ जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर (ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार) और "Acquaint yourself booklet", डाउनलोड करें.

**कॉल लेटर की हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.**

**13. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ों का प्रमाण:**

ऑनलाइन परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट/ आधार/ पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ मतदाता पहचान पत्र/ विधिवत सत्यापित फोटो वाली बैंक पासबुक/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा आधिकारिक लेटरहेड में जारी **पहचान–पत्र की मूल प्रति और साथ ही उसकी एक स्व–सत्यापित फोटोकॉपी** लानी होगी. पहचान पत्र की फोटोकॉपी कॉल लेटर के साथ जमा की जानी चाहिए, ऐसा नहीं करने पर (या उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर) उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी. इसके अलावा, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को **सत्यापन के लिए साक्षात्कार के मूल कॉल लेटर के साथ अपने सभी प्रासंगिक दस्तावेज़ों की मूल प्रति व फोटोकॉपी** साथ लाने की आवश्यकता होगी, ऐसा नहीं करने पर, (या यदि उम्मीदवार की पहचान संदेह में है) उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**14. बायोमेट्रिक सत्यापन:**

ऑनलाइन परीक्षा/ साक्षात्कार/ कार्यग्रहण के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए बैंक विभिन्न चरणों में फोटो और अंगूठे के निशान/ आइरिश को डिजिटल प्रारूप में कैप्चर कर सकता है. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अंगूठे का सही निशान/ आइरिश विभिन्न चरणों में कैप्चर किया गया है क्योंकि किसी भी विसंगति के कारण उनकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा. तदनुसार, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपने हाथों पर कोई बाहरी पदार्थ जैसे मेहंदी, स्याही, रसायन आदि न लगाएं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कॉल लेटर में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें.

यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

**15. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**

क. उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/ संलग्न न करें जो असत्य, जाली/ बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

ख. यदि लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है:

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या

(ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या

(iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या

(iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या

(v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना,

तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

ग. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/ वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

घ. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ–साथ उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii. उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे पेजर/ कैलकुलेटर जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

iii. उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**16. सामान्य सूचना:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/ करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

iii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन–पत्र जमा करने के बाद सिस्टम द्वारा उत्पन्न अपने ऑन लाइन आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट ले लें.

iv. उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए. बैंक ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर आवश्यक शुल्क के साथ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के आवेदन की प्रोसेसिंग करेगा और स्क्रीनिंग/ साक्षात्कार के समय और/ या किसी भी स्तर पर उनकी पात्रता का निर्धारण करेगा.

v. **एक बार आवेदन के अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के बाद उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. इस संबंध में कोई पत्राचार/ फोन/ ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को ध्यान से भरें और आवेदन में सही जानकारी दें.**

vi. उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले ऑन लाइन आवेदन कर लें और अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/ असहायता/ वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि से बचा जा सके.

vii. ऊपर निदिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.

viii. **उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में/ साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति/ प्रकटन मान्य नही होगा और उसकी उम्मीदवारिता रद्द की जाएगी.**

ix. **यह सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटोग्राफ की 8 प्रतियां (लगभग) अपने पास रखें जो आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड की गई थी क्योंकि इस चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.**

x. परीक्षा के आयोजन के समय कुछ प्रशासनिक समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/ अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

xi. जो उम्मीदवार सरकारी/ अर्ध–सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों/ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/ आरआरबी सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सूचना दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारिता रद्द की जा सकती है और यात्रा किराया, यदि कोई हो, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

xii. चयन होने पर, नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य–मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

xiii. पात्रता मानदंड और जन्म तिथि के प्रमाण के बारे में मूल दस्तावेज साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए जाने चाहिए. यदि साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

xiv. अ.जा/ अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

xv. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि निर्देश आदि प्राप्त करने के लिए वे अपना इमेल और मोबाइल सक्रिय रखें.

xvi. अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं. 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दि. **01.04.2025** से **साक्षात्कार की तिथि** के बीच जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए. ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए समय में बढ़ोतरी के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा और यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होता है तो उसे साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं दी जायेगी और उसे बैंक में सर्किल आधारित अधिकारी के पद पर नियुक्ति करने पर विचार नहीं किया जायेगा.

xvii. ईडब्ल्युएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ **वित्तीय वर्ष 2024-25 की सकल वार्षिक आय के आधार पर** भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है जो **डीओपीटी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए वैध है. 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने के समय में बढ़ोतरी के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा** और यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय 'आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने में असफल होता है तो उसे साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी और उसे बैंक में सर्किल स्किल अधिकारी के पद पर नियुक्ति करने पर विचार नहीं किया जायेगा.

अस्वीकरण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अनंतिम हैं तथा भारत सरकार के आगे के निदेशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र के सत्यापन अधीन है.

xviii. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है.

xix. इस विज्ञापन तथा/ अथवा इसके प्रत्युत्तर में आने वाले आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद होने की स्थिति में हर कानूनी कार्यवाही के लिए किसी भी दावे/ विवाद पर वाद सिर्फ **मुंबई** में ही शुरू किया जाएगा तथा **मुंबई** में ही स्थित न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ मंचो को ही ऐसे वाद/ विवाद निपटाने का एकमात्र तथा विशेष क्षेत्राधिकार रहेगा.

xx. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को उनके निवास स्थान/कार्यस्थल से साक्षात्कार की जगह तक भारत में सबसे छोटे मार्ग से रेलवे के एसी–III किराये या खर्च किये गए वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाए जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xxi. **बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी स्तर पर पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.**

xxii. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/ या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

xxiii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/ फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

**17. घोषणा:**

इस प्रक्रिया से जुड़ी सभी भावी घोषणाएँ/ सूचनाएँ समय–समय पर केवल एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर ही प्रकाशित/ उपलब्ध कराई जाएगी. इस संबंध में कोई अलग से विज्ञापन/ शुद्धिपत्र जारी नहीं किया जाएगा. सभी परिवर्तन/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर जारी किए जाएंगे.

**18. अस्वीकरण:**

भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर इस बात का पता चलने पर कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर रहा है और या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी महत्त्वपूर्ण बात को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा. यदि इनमें से कोई बात नियुक्ति के बाद उजागर हो, तब भी उस उम्मीदवार की नौकरी रद्द की जा सकती है. पात्रता, परीक्षा के संचालन और चयन प्रक्रिया के संबंध आदि मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और वह सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी रहेगा. इस बारे में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**मुंबई**
**दिनांक: 29.01.2026**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी एवं पीएम)**

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

**भारतीय स्टेट बैंक किसी भी ऐसे बाहरी कोचिंग प्लेटफॉर्म, कंसल्टेंसी, व्यक्ति या डिजिटल चैनल का समर्थन, विज्ञापन या उनके साथ जुड़ाव नहीं रखता है, जो चयन की गारंटी, भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने या आंतरिक मार्गदर्शन प्रदान करने का दावा करते हैं. उम्मीदवारों को केवल एसबीआई के आधिकारिक करियर पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए.**

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** या **https://www.sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर भी उपलब्ध है.

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**अनुलग्नक-I**

**ऑनलाइन परीक्षा केंद्र (अनंतिम सूची)**

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | ऑनलाइन परीक्षा केंद्र | राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | ऑनलाइन परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | 29 | महाराष्ट्र | अहिल्यानगर, अमरावती, छत्रपति संभाजी नगर, जलगाँव, कोल्हापुर, लातूर, नागपुर, नांदेड, नाशिक, पुणे, मुंबई/ठाणे/ नवी मुंबई/ एमएमआर, सातारा, सांगली, धुले |
| 12 | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर, गुंटूर/विजयवाड़ा, कुर्नुल, राजमंड्री, श्रीकाकुलम, विशाखापट्टनम, विजयनगरम, तिरूपति, ओंगोले, नेल्लोर | | | |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | नाहरलगुन | 30 | मणिपुर | इम्फाल, छुरछंदपुर |
| 14 | असम | डिब्रुगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, सिलचर, तेजपुर | 31 | मेघालय | शिलांग |
| 15 | बिहार | आरा, भागलपुर, दरभंगा, गया, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया | 32 | मिज़ोरम | आइजोल |
| 16 | चंडीगढ़ | मोहाली | 33 | नागालैंड | दीमापुर, कोहिमा |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग | 34 | दिल्ली–एनसीआर | नवी दिल्ली/एनसीआर |
| 18 | गोवा | पणजी, मापुसा | 35 | ओडिशा | बालासोर, बरहमपुर (गंजाम), भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, संबलपुर |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद/गांधीनगर, आनंद/वड़ोदरा, राजकोट, सूरत/ बारडोली, मेहसाणा | 36 | पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| | | | 37 | पंजाब | अमृतसर, भटिंडा, जालंधर, मोहाली, पटियाला, फगवाड़ा |
| 20 | हरियाणा | अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम | 38 | राजस्थान | अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), शिमला, सोलन, बद्दी | 39 | सिक्किम | गंगटोक |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, सांबा, श्रीनगर | 40 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयंबतूर, कडलूर, ईरोड, करूर, मदुरै, नागरकोइल, नामक्कल, सेलम, तंजावुर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेल्वेली, वेल्लोर, विरुदुनगर |
| 23 | झारखंड | धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची | | | |
| 24 | कर्नाटक | बेंगलूरु, हुब्बल्ली(हुबली)/धारवाड, कालाबुरागी (गुलबर्गा), मैसूरु (मैसूर), मंगलुरु (मैंगलोर) | 41 | तेलंगाना | हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, वारंगल |
| | | | 42 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 25 | केरल | आलप्पुला, एर्नाकुलम, कन्नूर, कोल्लम, कोट्टयम, कोड़िकोड, पालक्काड, तिरुवनंतपुरम, त्रिश्शूर | 43 | उत्तर प्रदेश | आगरा, प्रयागराज (इलाहाबाद), अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झाँसी, मथुरा, मुरादाबाद, नोएडा/ग्रेटर नोएडा, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी |
| 26 | लद्दाख | लेह, कारगिल | | | |
| 27 | लक्ष्यद्वीप | कवराती | 44 | उत्तराखंड | देहरादून, हल्दवानी, रूड़की |
| 28 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, सतना, उज्जैन | 45 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल, दुर्गापुर, हुगली, हावड़ा, कल्याणी, कोलकाता, सिलीगुड़ी |

***उपरोक्त सूची सांकेतिक है, तथा बैंक किसी परीक्षा केन्द्र पर प्रतिसाद, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर उसे रद्द/शामिल/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

# हस्ताक्षर/फोटोग्राफ/दस्तावेज़ स्कैनिंग करने और उनको अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन (डिजिटल) छवि तैयार रखनी होगी:

- अपना फोटोग्राफ (जेपीजी/जेपीईजी)
- हस्ताक्षर (जेपीजी/जेपीईजी)
- बांये अंगूठे का निशान (जेपीजी/जेपीईजी)
- हस्तलिखित घोषणा (जेपीजी/जेपीईजी)
- आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
- जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
- जॉब प्रोफाइल (मौजूदा/पिछले नियोक्ताओं द्वारा प्रमाणित) (पीडीएफ)
- संक्षिप्त जीवनवृत्त (पीडीएफ)
- शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री/ प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
- अनुभव प्रमाण पत्र/ नियुक्ति पत्र/ नौकरी प्रस्ताव पत्र (पीडीएफ)
- नियोक्ता द्वारा प्रदत्त नवीनतम फॉर्म 16 (पीडीएफ)
- नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)

कृपया नोट करें कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जब तक दिये गए विशिष्ट विवरण के अनुसार नहीं होंगे, सिस्टम उम्मीदवार को आवेदन के अगले पेज पर नहीं जाने देगा.

**क. फोटोग्राफ इमेजः** (4.5cm × 3.5cm)

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए.
- पिक्चर रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी रंगीन पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए. स्वस्थ चित्त होकर कैमरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हों, जिससे आपका फोटो साफ आए.
- अगर आपको फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप चश्मे का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए चश्मे पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सैल (वरीयतः)
- फाइल का साइज 20 केबी–50 केबी के बीच हो.
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई फोटो की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाईल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर का सेटिंग इस तरह समायोजित करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.
- अपलोड की गई फोटो उचित आकार की और स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए.

**फोटोग्राफ कैप्चर करना :**

- उपर्युक्त फोटोग्राफ के अलावा, उम्मीदवारों को वेबकैम या मोबाइल फोन का उपयोग कर अपना लाइव फोटोग्राफ भी लेकर अपलोड करना होगा.
- ''कैप्चर फोटो'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार का वेबकैम उनकी पिक्चर लेने के लिए सक्रिय हो जाएगा जिससे पिक्चर आवेदन फॉर्म में स्वत: अपलोड हो जायेगी.
- ''क्लिक हियर टू स्कैन'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते हैं जो वेबसाइट पर रिडाइरेक्ट करेगा और अपने मोबाइल फोन पर फोटोग्राफ क्लिक करने देगा. टेकन पिक्चर चुनने पर फोटोग्राफ स्वत: आवेदन फॉर्म में अपलोड हो जायेगा.

**फोटो कैप्चर करने लिए क्या करें और क्या न करें**

**क्या करें:**

- सुनिचित करें कि फोटो हल्के रंग वाली पृष्ठभूमि अधिमानतः सफेद पृष्ठभूमि और पर्याप्त प्रकाश वाले स्थान पर लें.
- वेबकैम/कैमरे पर सीधे देखें
- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का होना चाहिए.

**क्या न करें:**

- छोटे आकार का फोटोग्राफ क्लिक/अपलोड न करें.
- रंगीन ग्लास या सनग्लास/कैप नहीं पहनें.
- चेहरे पर छाया/कैमरे को न देखती हुई/ विकृत फेस/ मास्क से ढका चेहरा/ धुंधली छवि न हो
- अंधेर में फोटो न लें/ अनुचित पृष्ठभूमि न हो

**ख. हस्ताक्षर:**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से **हस्ताक्षर** करें.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयतः)
- फाइल की साइज 10 केबी–20 केबी हो
- सुनिश्चित करें कि स्कैन किए हुए हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
- हस्ताक्षर (कैपिटल अक्षरों में) अपलोड उचित आकार का होना चाहिए और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो.

**ग. बाएं हाथ के अंगूठे का निशान**

- आवेदक को एक सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से **अपने बाएं अंगूठे का निशान** लगाना होता है.
- **फाइल प्रकार:** जेपीजी / जेपीईजी
- **आयाम:** 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए जरुरी) यानी 3cm * 3cm (चौड़ाई * ऊंचाई).
- **फाइल का आकार:** 20 केबी – 50 केबी
- **नोट:** यदि किसी उम्मीदवार का बायां अंगूठा नहीं है तो वह अपना दायें अंगूठे का प्रयोग कर सकता है. यदि दोनों अंगूठे नहीं हैं तो बायें हाथ की अंगूठे के पास वाली अंगूली से शुरू करते हुए किसी एक अंगुली का निशान लगाएँ. यदि बायें हाथ में कोई भी अंगुली नहीं है तो दाहिने हाथ की अंगूठे के पास वाली अंगूली से शुरू करते हुए किसी एक अंगुली का निशान लगाएँ. यदि कोई भी अंगुली नहीं है तो बायें पैर के अंगूठे की छाप लगाएँ. ऐसे सभी मामलों में जहां बायें अंगूठे का निशान अपलोड नहीं किया गया है उम्मीदवार को अपलोड किये गये दस्तावेज में अंगुली और बायें/दाहिने हाथ या पैर के अंगूठे का नाम निर्दिष्ट करना चाहिए.

**घ. हस्तलिखित घोषणा**

- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही से **अंग्रेजी में घोषणा** स्पष्ट रूप से लिखनी होगी.
- **फाइल प्रकार:** जेपीजी / जेपीईजी
- **आयाम:** 200 डीपीआई में 800 x 400 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए जरुरी) यानी 10cm * 5cm (चौड़ाई * ऊंचाई).
- **फाइल का आकार:** 50 केबी – 100 केबी
- **नोट:** हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार के हस्तलेखन से केवल अंग्रजी में होनी चाहिए. लिखित सामग्री कैपिटल अक्षरों में नहीं होनी चाहिए. यदि यह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिखी हुई है और अपलोड की गई है या अन्य भाषा में है, तो आवेदन को अवैध माना जायेगा. (ऐसे उम्मीदवारों के मामले में जो लिख नहीं सकते, वे घोषणा सामग्री को टाइप करवायें और उस पर अपने बायें हाथ के अंगूठे का निशान टाइप की गई घोषणा में नीचे लगाएँ (यदि हस्ताक्षर नहीं भी कर सकते) और विशिष्ट विवरण के अनुसार दस्तावेज अपलोड करें.
- **हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ इस प्रकार है:**
- "I,_____________________________________(Name of the candidate), hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required."

हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल आवेदक की होनी चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा.

यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

**अंग्रजी के बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी.**

**सुनिश्चित करें कि फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड की गई हो.**

**ङ. दस्तावेजों को स्कैन करना:**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें, फाइल साइज, जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है.
- फोटो /हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे के निशान/हस्तलिखित घोषणा के किनारे तक स्कैनर में छवि को क्रॉप करें और उसके बाद अंतिम आकार (जैसाकि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है) तक छवि का क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें.
- इमेज की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फॉर्मेट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम 'image01.jpg' अथवा 'image01.jpeg'. इमेज के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
- एमएस विंडोज/एमएसऑफिस का उपयोग करने वाले उम्मीदवार एमएस पेंट या एमएसऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके .jpeg फॉर्मेट में आसानी से दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं. किसी भी फॉर्मेट में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को फ़ाइल मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके .jpg प्रारूप में सहेजा जा सकता है. क्रॉप और उसके बाद रिसाइज (resize) विकल्प का उपयोग करके आकार (size) को समायोजित किया जा सकता है.

**च. दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया:**

- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार को अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए अलग–अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे.
- संबंधित लिंक Upload Photograph/ Signature/ left thumb impression/ hand written declaration पर क्लिक करें.
- उस स्थान को ब्राउज़ करें और चुनें जहां स्कैन किए गए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा फ़ाइल को सहेजा गया है.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें.
- फ़ाइल का आकार और फॉर्मेट निर्धारित रूप में न होने पर एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित किया जाएगा.
- अपलोड की गई छवि का प्रीव्यू छवि की गुणवत्ता को देखने में मदद करेगा. अस्पष्ट/धब्बेदार के मामले में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता पर फिर से अपलोड किया जा सकता है.

**जब तक आप निर्दिष्ट के रूप में अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.**

**नोट:**

- फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट /धब्बेदार होने पर उम्मीदवार के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है.
- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर /बाएं अंगूठे का निशान / हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवारों को यह जांच करना चाहिए कि छवियां स्पष्ट हैं और उन्हें सही ढंग से अपलोड किया गया है. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा प्रमुखता से दिखाई नहीं देती है, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा फिर से अपलोड कर सकता है.
- उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है. यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर उचित रूप से अपलोड नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
- उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड की जाने वाली फोटो अपेक्षित आकार की हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जाना चाहिए.
- यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया गया है तो परीक्षा के लिए प्रवेश अस्वीकार/इनकार कर दिया जाएगा. उम्मीदवार इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
- उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हों और दागदार/धुंधले न हों.
- ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि वे अपने सिस्टम द्वारा जनरेट किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट–आउट ले लें.
- हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल आवेदक की होनी चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति की.
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
- अंग्रजी के बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी.
- सुनिश्चित करें कि फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा ऑनलाइन आवेदन पत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड की गई हो.

## आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current openings पर लॉगिन करें.

↓

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें.

↓

**विज्ञापन सं. CRPD/CBO/2025-26/18 डाउनलोड करें.**
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें.)

↓

**ऑनलाइन आवेदन करें.**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी.)

